# भू-कानून का उल्लंघन पाए जाने पर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए

## उम्मीद पोर्टल पर दर्ज वक्फ संपत्तियों के ब्योरे की भी नियमित जांच हो - मुख्यमंत्री ने समस्त जिलाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को निजी आवास, खटीमा से समस्त जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम सभाओं में स्थित सरकारी भूमि की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए वेरिफिकेशन ड्राइव में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून से पहले आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भू कानून का उल्लंघन कर खरीदी गई जमीनों की जांच भी की जाए। कहा कि इस अभियान में तेजी लाते हुए त्वरित सुनवाई की जाए एवं भू कानून का उल्लंघन पाए जाने पर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्थित शत्रु संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों का ब्योरा, उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किए जाने की नियमित समीक्षा हो। साथ ही इस ब्योरे की भी नियमित जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों से आए लोगों के शस्त्र लाइसेंस की जांच भी की जाए एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को चिन्हित किया जाए। जनसेवा केंद्रों की जांच एवं अवैध राशन कार्ड बनाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे अपात्र लोगों को चिन्हित करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। आगामी मानसून को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों को पूर्व तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आंतरिक क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, ग्रीष्मकालीन समय को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी पानी की समस्या या तकनीकी दिक्कत हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि

## सीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, छात्र–छात्राओं से किया संवाद

चमोली। चमोली के सीईओ मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने विकासखंड के कपीरी क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण किया। राजकीय इंटर कॉलेज कनखुल में सीईओ सारस्वत प्रार्थना सभा से पहले ही विद्यालय परिसर में पहुंच गए और छात्र–छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं को लगन से पढ़ाई करने की बात कही। साथ ही नशे से दूर रहने की बात कही। शिक्षकों की बैठक लेते हुए सीईओ ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माणकर्ता हैं। ऐसे में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षक की है। शैक्षणिक कार्यों का ही नहीं बल्कि शिक्षक के आचार व्यवहार का प्रभाव भी समाज पर पड़ता है। इस दौरान सीईओ ने प्राथमिक विद्यालय ग्वाड़, जूनियर हाईस्कूल ग्वाड़, जीआईसी नैनीसैंण और प्रावि नैनीसैंण का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मटूड़ा, जीआईसी कनखुल के प्रधानाचार्य सुबोध कुंवर एवं नैनीसैंण के डॉ. जगदीश कंडवाल, तेजेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## ढोल नगाड़ों के साथ निकाला जुलूस, अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

चमोली। जीआईसी चौनघाट में विज्ञान विषय शुरू करवाने की मांग के लिए तीन गांव के ग्रामीणों ने ढोल दमाऊं के साथ नंदानगर में जुलूस निकाला। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विज्ञान विषय की पढ़ाई के लिए कई छात्रों को 10 से 15 किमी दूर अन्यत्र जाना पड़ता है जबकि कई छात्र विज्ञान की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं।

विकासखंड नंदानगर के दूरस्थ क्षेत्र रामणी, घूनी और पडेरगांव के ग्रामीण राजकीय इंटर कॉलेज चौनघाट (घूनी) में लंबे समय से विज्ञान वर्ग शुरू करवाने की मांग कर रहे हैं। विद्यालय में वर्तमान में 335 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं लेकिन जो छात्र–छात्राएं विज्ञान की पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें दूसरे विद्यालय में जाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें 10 से 15 किमी दूर स्थित अन्य विद्यालयों में जाना पड़ता है। ऐसे में अधिकांश छात्र–छात्राएं विज्ञान की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इससे गुस्साए तीनों गांवों के ग्रामीण सोमवार को बड़ी संख्या में नंदानगर पहुंचे। सुतोल मोटर मार्ग पर एकत्रित होकर ग्रामीणों ने ढोल दमाऊं के साथ जुलूस निकाला। ग्रामीण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां कोई अधिकारी नहीं मिले तो वे कुरुड़ पुल से लक्ष्मी मार्केट होते हुए तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने यहां अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया और तहसीलदार आरके देवली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 लाख की लागत से बनेंगे प्रवेश और स्वागत द्वार

चमोली। नगर पंचायत की सीमा पर करीब बीस लाख रुपये की लागत से दो प्रवेश और स्वागत द्वार पंचायत प्रशासन तैयार कर रहा है। जून माह के अंत तक यह बनकर तैयार हो जाएगा।गैरसैंण जहां प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी है वहीं राज्य आंदोलन की भावनाओं में बसे गैरसैंण में प्रदेश के लोगों का भी खास लगाव है। ऐसे में गैरसैंण नगर में पर्यटकों को आकर्षित करने की पहल पंचायत कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन भंडारी ने बताया कि जून माह के अंत में दोनों द्वार का लोकार्पण किया जाएगा। ये द्वार आगंतुकों का स्वागत करेंगे और नगर की स्वच्छता में सहयोग का संदेश भी देंगे। पहला द्वार कुनेली लगा सलियाणा में सात मीटर ऊंचा और दस मीटर चौड़ा होगा। दूसरा सैंजी में ब्यास गाड़ के पास नौ मीटर चौड़ा व सात मीटर ऊंचा बनाया जा रहा है।

### पर्यटकों की गंदगी से प्रकृति को पहुंच रहा नुकसान

रुद्रप्रयाग। चोपता–तल्लानागपुर क्षेत्र के खड़पतिया के समीप के जंगल इन दिनों पहाड़ी फल काफल और हिसोल से लदे हुए हैं। कार्तिक स्वामी जाने का मुख्य मार्ग होने के कारण यहां रुककर यात्री और पर्यटक इन प्राकृतिक फलों का आनंद ले रहे हैं। मगर मानवीय गतिविधियों और बाहरी क्षेत्रों से आने वाले अराजक तत्वों के कारण इस प्राकृतिक सौंदर्य को नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र के जंगलों और ढलानों में शराब की खाली बोतलें, पॉलिथीन और प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है जिससे न सिर्फ प्रदूषण बढ़ रहा है बल्कि वन का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में चोपता क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य सम्पन्न नेगी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व क्षेत्र की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं।

### साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी

रुद्रप्रयाग। बाल विकास विभाग के माध्यम से राजकीय इंटर कॉलेज परकंडी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक ने छात्र–छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, साइबर ऋइम, पॉक्सो एक्ट व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति की सदस्य गीता मलासी व ममता शैली ने बाल कल्याण समिति से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समिति बच्चों की किसी भी तरह की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक सुरेंद्र सिंह ने हेल्पलाइन नंबर 1098 व कार्यों के बारे में छात्र–छात्राओं को जानकारी दी।

### खोया बैग लौटाने पर नकद धनराशि देकर सम्मानित किया

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा पर आए इंदौर (मध्य प्रदेश) के पंडित संतोष उपाध्याय का रुपयों से भरा खोया बैग स्थानीय युवाओं की ईमानदारी के कारण सकुशल मिल गया है। बैग मिलने पर उन्होंने युवाओं को पुरस्कृत भी किया। पंडित संतोष उपाध्याय श्रद्धालुओं को केदारनाथ भेजने के बाद कालीमठ घाटी के दर्शन करने गए थे। रविवार को कोटमा–खोनू के बीच वाहन में बैठते समय रुपयों से भरा बैग वहीं गिर गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब बैग नहीं मिला तो उन्होंने कोटमा निवासी संदीप भट्ट को इसकी जानकारी दी। संदीप भट्ट की खोज में पता चला कि रास्ते से गुजर रहे रोहित और प्रमोद को वह बैग मिला था।

रोहित ने वह बैग संदीप भट्ट के पास पहुंचाया और सोमवार को गुप्तकाशी आकर बैग संतोष उपाध्याय को सौंप दिया गया। रुपयों से भरा बैग सुरक्षित मिलने पर संतोष उपाध्याय ने संदीप भट्ट और रोहित की ईमानदारी की सराहना की और दोनों को 10–10 हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

### अलकनंदा नदी में गिरा वाहन, चालक की तलाश जारी

रुद्रप्रयाग। गौचर से बिजराकोट लौट रहा एक वाहन चमसिल क्षेत्र के सारी बैंसोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। वाहन में चालक अकेला सवार था। हादसे के बाद से वाहन चालक राकेश सिंह निवासी बिजराकोट लापता है। सोमवार को मौके पर घोलतीर पुलिस, एसडीआरएफ, जल पुलिस और डीडीआरएफ की टीमें खोज एवं बचाव के लिए पहुंचीं लेकिन वाहन और चालक दोनों का पता नहीं चल पाया।बिजराकोट के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप सिंह ने बताया कि रविवार रात को गौचर पुलिस व एसडीआरएफ मौके पर पहुंची थी लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण चालक का पता नहीं चल पाया। सोमवार सुबह फिर से रुद्रप्रयाग संयुक्त टीमों ने सर्च अभियान शुरू किया मगर चालक का पता नहीं चल पाया। दोपहर बाद सर्च अभियान बंद किया गया।

### विश्व शांति के लिए निकली जगदीशिला डोली यात्रा संपन्न

नई टिहरी। बाबा विश्वनाथ जगदीशिला की 27वीं डोली रथयात्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी की अगुवाई में पारंपरिक विधि विधान से संपन्न हो गई। डोली यात्रा हरकीपैड़ी से उत्तराखंड के 13 जिलों का भ्रमण करने के बाद विसोन पर्वत पर गंगा दशहरा पर्व पर स्नान करने के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और विकास गोष्ठी के साथ संपन्न हो गई। यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री नैथानी ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति की स्थापना, देव संस्कृति की रक्षा, पलायन रोकना और लोक परंपराओं को जीवंत रखना है।

## विधायक के आश्वासन पर माने प्रभावित, धरना स्थगित

चमोली। मुआवजे की मांग के लिए धरने पर बैठे प्रभावितों ने विधायक के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया। विधायक ने कहा कि जल्द प्रभावित परिवारों के एक प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से भेंट कराई जाएगी ताकि जल्द प्रभावितों की मुआवजे की मांग पूरी हो सके। प्रभावितों ने कहा कि एक सप्ताह में ट्रीटमेंट कार्य शुरू होगा लेकिन मुआवजे की कार्रवाई जल्द नहीं हुई तो फिर आंदोलन किया जाएगा। सोमवार को सुबह 10 बजे विधायक अनिल नौटियाल और उपजिलाधिकारी अलकेश नौडियाल मंडी परिसर में धरना दे रहे प्रभावित लोगों को बीच पहुंचे। विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों को लेकर गंभीर है लेकिन पहले ट्रीटमेंट कार्य भी जरूरी है ताकि भविष्य में कोई हादसा न हो। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की ओर से बनाए गए सहमतिपत्र को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से भी वार्ता करवाई जाएगी जिससे जल्द प्रभावितों की मुआवजे की मांग पूरी हो सके। सभासद कमला रतूड़ी ने बताया कि विधायक के आश्वासन पर धरना स्थगित किया जा रहा है। यदि मुआवजे की मांग समाप्त होती है। तो ट्रीटमेंट का कार्य शुरू होने दिया जाएगा। प्रभावित सुधीर नेगी ने कहा कि बहुगुणा नगर की भांति सुभाषनगर में भी ट्रीटमेंट का कार्य शुरू किया जाना चाहिए। इस मौके पर पुष्कर रावत, सभासद रीना रावत, पदिमा दानू, गणेशी देवी, पूर्व सभासद हरेंद्र सिंह बिष्ट, गीता रावत, पूजा रावत, संजय नौटियाल, मनवर, मो आसिन आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाली एलबम वींका का बाना का विमोचन

रुद्रप्रयाग। पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के वीरचंद्र सिंह गढ़वाली भवन में संगीत शिक्षक मनोज थापा की गढ़वाली एलबम वींका का बाना का विमोचन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने एलबम का लोकार्पण किया। शिक्षक मनोज थापा ने चार माह के कठिन परिश्रम के बाद इस एलबम को तैयार किया है। मूल रूप से कौसानी निवासी मनोज थापा ने गढ़वाली भाषा में एलबम तैयार कर क्षेत्रीय संस्कृति के प्रति अपने जुड़ाव को दर्शाया है। कार्यक्रम में कल्प संस्था के संस्थापक ओमप्रकाश सेमवाल, प्रधानाचार्य जीआईसी मालतोली, गढ़कवि जगदंबा चमोला, श्यामलाल सुन्दियाल, किशन सिंह रावत, संपादक विनोद भट्ट, शैलेंद्र राणा और सुनीता थापा आदि मौजूद रहे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई जाईका वित्तपोषित परियोजना की बैठक




देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में जाईका (खकउअ) वित्तपोषित उत्तराखण्ड एकीकृत बागवानी विकास परियोजना से सम्बन्धित उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश के लिए संपूर्ण बागवानी योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उन्नत बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए योजनाएँ तैयार की जाएँ। मुख्य सचिव ने प्रदेश में कुल बागवानी क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र बढ़ाने के लिए किसानों को हैंड होल्डिंग, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक ग्राफ्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि उत्पादन बढ़ाया जा सके। मुख्य सचिव ने उत्पादन बढ़ाये जाने के लिए क्लस्टर एप्रोच अपनाये जाने की बात कही। कहा कि उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दिशा सप्लाई चैन विकसित करने और कोल्ड स्टोरेज व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बागवानी उत्पादन को बढ़ाये जाने के लिए उन्नत किस्में और क्षेत्र विस्तार पर फोकस किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि योजनाओं में डुप्लीकेसी ना हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी हुए पद्मभूषण से सम्मानित



देहरादून। सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को लोक कार्य के लिए पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित हुए नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्र सरकार के कई अन्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। पहले नागरिक अलंकरण समारोह में भारत की राष्ट्रपति ने 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। जिनमें 02 पद्म विभूषण, 06 पद्म भूषण और 58 पद्म शामिल हैं।

पद्म पुरस्कार–जो देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं–तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैंः पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं, जैसे–कला, समाज सेवा, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा, आदि। 'पद्म विभूषण' असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म भूषण' उच्च ऋम की विशिष्ट सेवा के लिए और 'पद्म श्री' किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। वर्ष 2026 के लिए, राष्ट्रपति ने 131 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है। जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म पुरस्कार शामिल हैं। शेष पुरस्कार विजेताओं को बाद में आयोजित होने वाले समारोह के दूसरे दौर में सम्मानित किया जाएगा। भगत सिंह कोश्यारी जिन्हें उत्तराखंड में 'भगत दा' के नाम से जाना जाता है। कोश्यारी एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पत्रकार और समर्पित राष्ट्रवादी नेता हैं। जिन्होंने अपना जीवन जन सेवा और समाज के गरीब और पिछडे वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। वह आरएसएस के एक निष्ठावान स्वयंसेवक हैं और अपनी सादगी, अनुशासन और सीखने के प्रति गहरे प्रेम के लिए जाने जाते हैं। 17 जून, 1942 को उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के पहाड़ी इलाके के सुदूर गांव पलानधुरा में जन्मे कोश्यारी ने अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त की और 1964 में आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध अल्मोड़ा कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी की। उन्होंने 1964–1965 के दौरान राजा का रामपुर (एटा, उत्तर प्रदेश) में व्याख्याता के रूप में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। हालांकि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से प्रेरित होकर, उन्होंने 1965 के बाद से स्वयं को पूरी तरह से शैक्षणिक और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

## गंगा दशहरा पर्व पर सुरकंडा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



नई टिहरी। गंगा दशहरा पर सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। जिससे माता के दर्शनों के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। मंदिर परिसर में देवी सुरकंडा की विशेष पूजा–अर्चना की गई। गंगा दशहरा पर्व पर सुरकंडा मंदिर में देवी के दर्शनों के लिए टिहरी जिले के साथ अन्य जगहों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के द्वार खुलते ही मां सुरकंडा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। पंडित रमेश लेखवार ने बताया कि दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मां सुरकंडा के मुख्य द्वार कद्दूखाल बाजार में आयोजित मेले में लोगों ने खूब खरीदारी की। गंगा दशहरा पर्व की पूर्व संध्या पर नमस्कार देवभूमि सेवा संघ नई दिल्ली की ओर से कद्दूखाल स्थित लोनिवि विश्रामगृह में भजन और जागर के साथ देवी की स्तुति की गई। लोकगायक मुकेश और उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। सेवा संघ के परिपूर्णानंद गैरोला ने बताया कि देवी को भोग लगाने के बाद भंडारा और रात को देवी मां का जागरण किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नेगी, सचिव कमल सिंह जड़धारी, सोहन लाल लेखवार, जीत सिंह जड़धारी, भरत सिंह जड़धारी, उम्मेद सिंह नेगी, रमेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## ईसीटी मशीन पर स्वास्थ्य विभाग की लेटलतीफी पड़ रही भारी

नई टिहर। जिला अस्पताल बौराड़ी में मानसिक रोगियों के उपचार के लिए उपलब्ध कराई गई ईसीटी (इलेक्ट्रोकन्वल्सिव थेरेपी) मशीन का संचालन शुरू नहीं हो पाया। स्वास्थ्य विभाग की लेटलतीफी से लोगों में आक्रोश है। स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन और ओएनजीसी ने सीएसआर मद से स्वास्थ्य विभाग को बीते 12 मई को ईसीटी मशीन उपलब्ध कराई गई थी। जिला अस्पताल बौराड़ी में मशीन पहुंचने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि मानसिक रोगों से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिलने लगेगी लेकिन मशीन फिट नहीं किए जाने से इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।ईसीटी मशीन के संचालन के लिए जिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में विशेष टेबल की आवश्यकता है।

## आग में जल रहे अगस्त्यमुनि के जंगल



रुद्रप्रयाग। वन विभाग कार्यालय के आसपास स्थित जंगलों व नाकोट और धान्यू गांव के वन क्षेत्रों के जंगल आग में जल रहे हैं। तेज हवाओं के कारण देखते ही देखते आग की लपटें वन विभाग परिसर तक पहुंच गईं। बाद में आग ऑल वेदर रोड के पास के जंगलों तक पहुंच गई। वहीं वन क्षेत्राधिकारी एचएस रावत ने बताया कि तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलते हुए वन विभाग कार्यालय परिसर तक पहुंच गई। आग बुझाने के लिए टीम लगातार प्रयासरत है। वहीं आग से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे है जिससे गुलदार, जंगली बिल्लियां आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जंगलों में आग न लगाए। छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। आंखों में हो रही जलनः अगस्त्यमुनि। आग से उठता धुआं पूरे क्षेत्र में फैल गया है जिससे स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## जोगीधारा में लगा जाम, एनएम व आशा ने एंबुलेंस में कराया प्रसव



ज्योतिर्मठ। प्रसव पीड़िता को लेकर आ रही एक एंबुलेंस बदरीनाथ हाईवे के जाम में फंस गई। एएनएम व आशा ने एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव कराया। सोमवार को दोपहर में पल्ला गांव की उमा देवी (22) को प्रसव पीड़ा हुई। उसे 108 एंबुलेंस से ज्योतिर्मठ स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था लेकिन बदरीनाथ हाईवे पर लगे जाम में जोगीधारा के पास एंबुलेंस फंस गई। महिला को प्रसव पीड़ा अधिक होने पर वाहन में आ रही एएनएम और आशा ने एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योतिर्मठ के प्रभारी डॉ. गौतम भारद्वाज ने बताया कि जाम खुलने पर जच्चा–बच्चा को अस्पताल लाया गया। दोनों स्वस्थ हैं। उन्हें भर्ती किया गया है। दो दिन पहले भी ज्योतिर्मठ कोतवाली के समीप जाम में वाहन फंस गया था। वहां अस्पताल से नर्सों ने पहुंचकर वाहन में ही प्रसव करवाया था।

## स्कूलों में पहुंच रही अल्मोड़ा पुलिस, साइबर अपराध और नशे के प्रति किया जागरूक




अल्मोड़ा। जनजागरूकता अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में जिलेभर में महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और सामाजिक जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी ऋम में सोमवार को महिला कोतवाली प्रभारी जानकी भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अल्मोड़ा इंटर कॉलेज में छात्र–छात्राओं को जागरूक किया। वहीं थाना सल्ट पुलिस ने राजकीय इंटर कॉलेज पेशिया सल्ट में विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ओटीपी और बैंक डिटेल साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया हैकिंग, संदिग्ध लिंक और फर्जी लोन व इनाम के झांसे जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी निजी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध साइबर घटना की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। पुलिस टीम ने छात्र–छात्राओं और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया।

एक नजर

## चौबट्टाखाल विस में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य : महाराज



कोटद्वार। ब्लॉक मुख्यालय बीरोंखाल में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। बहुउद्देशीय शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य शिविर में 165 मरीजों की जांच की गई और 30 दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र मिले। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास कार्यों की सराहना की। कहा कि बेदीखाल–जोगीमढ़ी और रसिया महादेव पेयजल योजनाओं को 41 करोड़ 57 लाख 36 हजार रुपये मिले। इनसे 75 गांवों को लाभ होगा और 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

जल जीवन मिशन के तहत 21 करोड़ 68 लाख 10 हजार रुपये की 50 योजनाएं स्वीकृत हुईं। जल संस्थान ने 18 करोड़ 75 लाख रुपये की 42 योजनाओं को मंजूरी दी। लोक निर्माण विभाग ने 53 किलोमीटर के 15 मोटर मार्गों को स्वीकृति दी। ग्राम्य विकास विभाग ने 22 करोड़ 40 लाख रुपये से चार मोटर मार्गों का निर्माण किया। इसके अतिरिक्त 18 किलोमीटर लंबाई के चार अन्य मोटर मार्गों के डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमृता रावत, जिला पंचायत सदस्य अनूप पटवाल, रजनी रावत, शांति देवी, ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति सदस्य प्रेम सिंह नेगी, बदरी–केदार मंदिर समिति की सदस्य नीलम पुरी मौजूद रहे। लोकगायक सौरभ, पूनम और महिमा के गीतों पर झूमे दर्शकः सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका पूनम सती, महिमा उनियाल और लोक गायक सौरभ मैठाणी ने प्रस्तुति दी। देव त्रिएशन ग्रुप, श्यामलाल और सोनिया की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। ब्रह्म कमल सांस्कृतिक दल ने चक्रव्यूह महाभारत (अभिमन्यु लीला) प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : डू समथिंग सोसाइटी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कहा कि समाज सेवा के लिए दिए गए खंडूडी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन और विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें एक सशक्त एवं जनहितैषी नेता बताया। सभा में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भुवन चंद्र खंडूडी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग उठाई। इस प्रस्ताव का डू समथिंग सोसाइटी ने समर्थन करते हुए निर्णय लिया कि इस संबंध में राज्य एवं केंद्र सरकार को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र कोठारी, शूरबीर खेतवाल, राजेंद्र प्रसाद पंत, अनिल वर्मा, दीपराम डुकलान, मनवर लाल भारती, हरि सिंह पुंडीर आदि मौजूद थे।

## जानकीचट्टी में एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ रही भीड़ के बीच उत्तरकाशी पुलिस ने यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर ग्राउंड स्तर पर कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बीते शनिवार और रविवार को यमुनोत्री धाम के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी में कैंप कर सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसपी कमलेश ने मानसून सीजन को देखते हुए पाली गाड़ से जानकीचट्टी तक संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर जरूरत पड़ने पर वन–वे यातायात व्यवस्था लागू करने को कहा। साथ ही विभिन्न होल्डिंग एरिया में यात्रियों को नियंत्रित रूप से रोकने के निर्देश भी जारी किए गए। एसपी ने बिरला तिराहा, राम मंदिर, नौ कैंची सहित यमुनोत्री पैदल मार्ग के संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पैदल मार्ग पर घोड़ा–खच्चर और डंडी–कंडी संचालन को नियंत्रित रखने और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## सड़क के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण

उत्तरकाशी। ग्राम पंचायत उपराड़ी, साड़ा और चक्रगांव को जोड़ने वाले बदहाल मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय बड़कोट पहुंचकर जुलूस निकाला और जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर सड़क को जल्द दुरुस्त कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बड़कोट–चक्रगांव–उपराड़ी–साड़ा मोटर मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ा है। करीब पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह–जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों के बंद होने से सड़क की स्थिति और भी खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बदहाल सड़क पर दुपहिया वाहन चालक कई बार चोटिल हो चुके हैं।

## यात्रा पर वाहन, पहाड़ी रूट पर बेपटरी व्यवस्था

## जीएमओयू की बसें यात्रा रूट पर जाने से बिगड़ी व्यवस्थाएं

### पहाड़ी रूट पर समय से वाहन नहीं मिलने के कारण जन परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जीएमओयू को पहाड़ की रीढ़ कहा जाता है। दूर-दराज गांव तक जीएमओयू की बसें ही आवागमन का एक बेहतर साधन है। लेकिन, इन दिनों अधिकांश बसों के चारधाम रूट पर चले जाने से पहाड़ी की व्यवस्था बिगड़ने लगी है। पहाड़ी रूट पर आवागमन के लिए ग्रामीणों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यही नहीं कई रूटों पर ग्रामीण निजी वाहन बुक कर आवागमन को मजबूर हो रहे हैं।

वर्तमान में चारधाम यात्रा का संचालन हो रहा है। ऐसे में कोटद्वार जीएमओयू में शामिल 44 बसों में से 24 बसें यात्रा रूट पर गई हुई हैं। यात्रा रूट पर गई अधिकांश बसें रिखणीखाल, यमकेश्वर सहित अन्य पहाड़ी रूट पर संचालित होती थी। ऐसे में बसों की कमी के कारण इन रूटों पर यात्रियों की समस्या बढ़ने लगी है।

मजबूरी में ग्रामीण अधिक पैसे देकर निजी वाहनों से आवागमन कर रहे हैं। जिसका असर उनकी जेब पर पड़ रहा है। बस अड्डे में वाहन का इंतजार कर रहे श्याम सिंह ने बताया कि वह सुबह करीब पांच बजे दिल्ली से गांव जाने के लिए कोटद्वार पहुंच गए थे। लेकिन, दस बजे तक भी उन्हें अपने गांव के लिए वाहन नहीं मिल पाया है। मैक्स व अन्य सार्वजनिक वाहनों में पहले से ही सीट बुक हुई है। बताया कि उनका गांव रिखणीखाल से काफी दूर हैं। ऐसे में अब उन्हें वाहन बुक कर आवागमन करना पड़ेगा।



कोटद्वार के बस अड्डे में वाहनों का इंतजार करते यात्री

### छोटे रूट पर बढ़ी परेशानी

मैक्स व अन्य वाहन चालक इन दिनों मौके का खूब लाभ उठा रहे हैं। हालत यह है कि कई मैक्स वाहन चालक कोटद्वार से केवल लंबे रूट की ही सवारी बिठा रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी आमसौड़, दुगड्डा, गुमखाल सहित अन्य रूटों पर जाने वाले यात्रियों को हो रही है। यही नहीं छोटे रूटों का किराया भी अधिक वसूला जा रहा है।

## चैक बाउंस में तीन माह का कारावास



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा तिवारी की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में महिला को तीन माह का कारावास व एक लाख 75 हजार रूपये का आर्थिक दंड दिया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

परिवादिनी ध्रुवपुर निवासी रितू नेगी की ओर से एक अगस्त 2023 को न्यायालय में शिकायत की गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि अभियुक्त ने उनसे धनराशि उधार ली थी। लेकिन, धनराशि वापस नहीं लौटा रही थी। जिसके बाद उन्होनें लगातार धनराशि वापस मांगने का प्रयास किया। जिसके बाद अभियुक्त की ओर से भारतीय स्टेट बैंक शाखा देवी रोड का एक चैक उन्हें दिया गया। बताया कि चैक को बैंक में भुगतान के लिए लगाते ही वह अपर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण अनादृत हो गया। जिसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता प्रवेश रावत व अविरल पंत की ओर से अभियुक्त पर नोटिस जारी किया। अधिवक्ता प्रदेश रावत व अविरल पंत ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त गंगोत्री देवी को तीन माह के साधारण कारावास व एक लाख 75 हजार रुपये के आर्थिक दंड की सजा दी है। जिसमें से पांच हजार रुपये राज्य सरकार के खाते में जाम किए जाएंगे।

## बहुद्देशीय शिविर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत हल्दुखाता मल्ला में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) एवं धरती आबा जनजातीय ग्रामीण अभियान के अंतर्गत बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं महिला छात्रावास अधीक्षक पंकज देवली ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में 22 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं विद्युत विभाग को छः नए बिजली कनेक्शन के आवेदन प्राप्त हुए। जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत छः आवेदन प्राप्त हुए, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। बाल विकास विभाग ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत कनिका, पूर्वी, गीतांजली और दीप्ती को नेम प्लेट वितरित कर बालिका शिक्षा और सम्मान का संदेश दिया। कृषि विभाग द्वारा 14 किसानों को उन्नत बीज एवं उर्वरक वितरित किए गए, जबकि आधार सेवाओं के तहत आठ नए आधार कार्ड बनाए गए और 20 आधार कार्ड अपडेट किए गए। इस अवसर पर हिमालयन बोक्सा जनजाति समिति कोटद्वार की अध्यक्ष दीपा देवी, हल्दुखाता के पार्षद राजेंद्र प्रसाद बहुखंडी, जसोधरपुर के पार्षद मनीष नैथानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## गर्मी बढ़ते ही बढ़ी नारियल पानी और जूस की डिमांड

श्रीनगर गढ़वाल : इन दिनों पड़ रही चिलचिलाती गर्मी का असर लोगों की दिनचर्या पर दिखाई दे रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब ठंडे पेय पदार्थों खासकर नारियल पानी और जूस की ओर ज्यादा रुख कर रहे हैं। ऐसे में अब नारियल पानी और जूस के दाम भी बढ़ गए हैं।

स्थानीय निवासी गजेंद्र दत्त मैठाणी ने कहा कि पहले जहां 70 रुपये में नारियल पानी मिल जाता था अब 90 रुपये देने पड़ रहे हैं। गढ़वाल विवि गेट और पौड़ी चुंगी क्षेत्र में जूस और गन्ने का जूस बेचने वाले दुकानदार भी ग्राहकों की बढ़ती संख्या से खुश हैं। जूस विक्रेता विनोद ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही कारोबार तेज हो जाता है। इस बार यात्रा सीजन का भी फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों ने अपने स्तर पर ज्यादा रेट नहीं बढ़ाए हैं लेकिन मंडी में सामान महंगा मिलने का असर जरूर पड़ रहा है। (एजेंसी)

## ईद को लेकर कोटद्वार में पुलिस अलर्ट, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



कोटद्वार कोतवाली में बैठक लेते उपजिलाधिकारी व पुलिस अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** आगामी ईद पर्व को देखते हुए कोटद्वार पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है।

कोतवाली कोटद्वार में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममंगाई की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने अपील की कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाए। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार सामाजिक एकता का प्रतीक होते हैं, इसलिए सभी लोग मिलकर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखें और किसी भी तरह की अफवाहों से दूर रहें। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध जानकारी की तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि ईद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

## भारत विकास परिषद ने बांटा बुरांश का शरबत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत विकास परिषद शाखा कोटद्वार द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए बस स्टेशन परिसर में जल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 5850 राहगीरों को बुरांश जूस का शरबत वितरित किया गया।


कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को जल पिलाना पुण्य का कार्य है तथा परिषद हर वर्ष इस प्रकार के सेवा कार्य आयोजित करती है।

उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहती है। परिषद द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, बाल संस्कार शिविर, विकलांग शिविर, सरल कन्या विवाह तथा महापुरुषों की जयंती पर विभिन्न गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र जखमोला रहे। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राकेश मित्तल, बीना मित्तल, राकेश ऐरन, सुनीता ऐरन, विष्णु अग्रवाल, मीनाक्षी शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुनील गुप्ता, निधि गुप्ता, सुभाष नैथानी, पूनम नैथानी, शीला कुकरेती, दीपक कपटियाल, सीमा अग्रवाल, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, गोपाल बंसल, रीता जखमोला, महेश गोयल, मंजू बड़थ्वाल, अनूप बड़थ्वाल, सेवक राम मानुजा और राकेश वर्मा सहित परिषद के कई सदस्य उपस्थित रहे।



राहगीरों को जूस पिलाते सदस्य

## पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने पर जताया रोष



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखण्ड विकास पार्टी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार चौथी बार हुई बढ़ोत्तरी का विरोध किया है। कहा कि सरकार लगातार तेल के दामों को बढ़ाकर आमजन को परेशान कर रही है। पार्टी के अध्यक्ष मुजीब नैथानी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में सुधार के बावजूद तेल की कीमतों में वृद्धि करना आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। कहा कि वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर लागू है। साथ ही ईरान द्वारा जहाजों की आवाजाही पर लगी रोक भी हटा दी गई है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल आपूर्ति को लेकर स्थिति सामान्य हो रही है, फिर भी केंद्र सरकार लगातार तेल की कीमतों में इजाफा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सरकार आपदा में अवसर तलाशने का काम कर रही है। कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के बीच है, तब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

## पेयजल संकट के विरोध में जनता ने किया आंदोलन का ऐलान

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के हिंसरियाखाल पट्टी और पाटाखाल पट्टी के गांवों में पिछले लंबे समय से चल रहे पेयजल संकट के विरोध में जनता ने आंदोलन का ऐलान किया है। लोगों ने कहा कि जलापूर्ति न होने से उन्हें हैंडपंपों व अन्य जल स्त्रोतों की दौड़ लगानी पड़ रही है जबकि हर घर नल, हर घर जल योजना शोपीस बनी है।

हिंसरियाखाल पट्टी युवा संघ से जुड़े लोगों ने जल निगम एवं जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आरपार की लड़ाई की चेतावनी दी है। कहा कि 26 मई को हिंसरियाखाल बाजार स्थित जगदीश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि शाम छः बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा। युवा संघ के नरेश उमरियाल ने लक्ष्मोली-हडिमधार पंपिंग योजना से नियमित जलापूर्ति करने तथा पानी की किल्लत होने पर तत्काल टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की। इधर लक्ष्मोली प्रधान सुरेश नेगी ने बताया कि अलकनंदा नदी किनारे बसे लक्ष्मोली, जाबर, तत्याकोट सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में भारी पेयजल किल्लत बनी है। उन्होंने जल संस्थान से इस समस्या के समाधान की मांग की। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य शिविर का 225 लोगों ने उठाया लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में उत्तराखंड फाउंडेशन (यूएएनए) और स्वस्थ हिमालय अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों सहित कुल 225 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ खून की जांच, ईसीजी, हड्डी संबंधी समस्याओं, मधुमेह, रक्तचाप एवं दंत रोगों की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशु अवस्थी एवं डॉ. समृद्धि नेगी के नेतृत्व में किया गया। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल, एसएमसी अध्यक्ष सुषमा रावत, ग्राम प्रधान रजनी देवी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।



शिविर का लाभ उठाते लोग

## रघुनाथ कीर्ति परिसर के भीतर पहुंची आग, मची अफरा तफरी



श्रीनगर गढ़वाल : बीती रविवार रात को तीर्थनगरी के पौड़ी जिला स्थित वार्ड चार के बाह बाजार क्षेत्र में आग चारों ओर फैल गई। वहीं रघुनाथ कीर्ति परिसर के भीतर आग पहुंचने से छात्र, छात्राओं, शिक्षकों सहित कर्मचारियों में अफरातफरी हो गई। छात्रावास के ऊपर आग की लपटें उठने से सभी सहम गए। कुछ देर बाद आग की लपटें कम हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं आग बाह बाजार के ऊपर स्थित जंगल तक पहुंची और कुछ ही देर में बस्ती के पास तक पहुंच गई, जिससे परिवार दहशत में आ गए। सूचना पर वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद वन कर्मियों की ओर से आग को बस्ती की ओर आने से रोका जा सका। वहीं सोमवार को बाह बाजार के ऊपर स्थित खेड़ा गांव आग से चारों ओर से घिर गया, जिससे ग्रामीण बुझाने में जुट गए। आग से नगर से लेकर गांवों तक धुआं फैला है। वहीं इससे गर्मी भी बढ़ गई है। (एजेंसी)

### विधायक कंडारी ने पीड़ित परिवार को सौंपा चेक

श्रीनगर गढ़वाल : ग्राम सभा पैंडुला पिपोला गांव की महिला की आग की चपेट में आने पर असमय मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया तथा दुःख की इस घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि भी सौंपी। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि आग की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। उन्होंने लोगों से जंगलों को आग से बचाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही प्रशासन से भी वनाग्नि रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे में पीड़ित परिवार ने अपना सबसे बड़ा सहारा खो दिया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। (एजेंसी)

### जानकीचट्टी में पशु चिकित्सालय में दोपहर बाद लग जाता है ताला

उत्तरकाशी। यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर जानकीचट्टी स्थित सीजनल पशु चिकित्सालय में दोपहर बाद ताला लटका मिल रहा। आरोप है कि घोड़ा–खच्चरों की आवाजाही देर शाम तक जारी रहने के बावजूद पशु चिकित्सालय दोपहर दो बजे ही बंद हो जाता है जिससे पशु संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को घोड़ा–खच्चर संचालक मोहन लाल अपने बीमार घोड़े को लेकर जानकीचट्टी पशु चिकित्सालय पहुंचे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने घोड़े को प्राथमिक उपचार और दवा दी। मोहन लाल का कहना है कि उपचार के बाद भी जब घोड़े की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह दोबारा जानकीचट्टी चिकित्सालय पहुंचे लेकिन उस समय चिकित्सालय पर ताला लगा मिला।

## जंगलों में आग लगाने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जंगलों में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। जंगलों में आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। गढ़वाल वन प्रभाग के अंतर्गत विभिन्न जंगलों में लगी आग अब जिला मुख्यालय के सघन आरक्षित वन क्षेत्र तक पहुंच गई है। जंगलों में बढ़ती आग की घटनाओं के मामले में गढ़वाल और सिविल सोयम वन प्रभाग पौड़ी सबसे संवेदनशील बने हुए हैं। वहीं सिविल वन क्षेत्र के जंगलों में आग लगाने के मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोमवार को पौड़ी रेंज नागदेव से सटे आरक्षित वन क्षेत्र सुबह से ही धधकना शुरू हो गया। बताया जा रहा है पौड़ी-कोटद्वार रोड पर गल्ला गोदाम मोहल्ले के समीप आग बीते रविवार रात से लगी जिसके चलते सुबह से ही पूरे क्षेत्र में धुएं की धुंध छाई रही। वनाग्नि को बुझाने के लिए वन कर्मी भी जूझते नजर आए। वन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में अभी तक 53 वनाग्नि की घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जिसमें 82.2 हेक्टेयर में जंगल जले। सर्वाधिक 28 वनाग्नि की घटनाएं गढ़वाल वन प्रभाग और 23 घटनाएं सिविल सोयम वन प्रभाग पौड़ी में दर्ज हुईं, जिससे करीब 81 हेक्टेयर में जंगल जले। वहीं लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार में महज दो जबकि भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन और अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग रामनगर में आग की कोई घटना दर्ज नहीं हुई।

# गांवों में बसती है भारत की आत्मा : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया पंचायत जनप्रतिनिधियों से जन संवाद



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** विकासखण्ड सभागार खटीमा में जन जन की सरकार, मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायत व निकाय जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा हमारे गांवों में बसती है और देश की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हमारे गांव और कस्बे सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि यदि गांव विकसित होंगे, तो राज्य और राष्ट्र स्वतः ही विकास ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जहां एक ओर एक जनपद, दो उत्पाद योजना और हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से अपने पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने का काम कर रहे हैं। वहीं, स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी पहलों के माध्यम से हम प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलों ने न केवल हमारी ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त किया है, बल्कि स्थानीय युवाओं को उनके गांव में ही रोजगार के अवसर प्रदान कर पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम आज जहां एक ओर प्रदेश की लाखों महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से भी सशक्त बना रहे हैं। साथ ही रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को भी निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सड़कों पर कब्जा कर धार्मिक आयोजन करने वालों के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसके अंतर्गत हमने यातायात को बाधित कर सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाई है। इसके अलावा, हाल ही में हमारी सरकार ने राज्य में नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत अब उत्तराखंड में केवल वही मदरसे संचालित हो पाएंगे, जिनमें हमारे सरकारी बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में अवैध रूप से संचालित लगभग 250 से अधिक मदरसों को भी बंद करवाया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्य में शिक्षा के मंदिर स्थापित हों, जहां तय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, न कि शिक्षा के नाम पर बच्चों को अलगाववादी मानसिकता की ओर धकेला जाए।

# बड़कोट क्षेत्र के जंगलों में फिर से भड़की आग



उत्तरकाशी। तहसील क्षेत्र के पौंटी, बगासू और कंसेरु के जंगलों में लगी आग सोमवार दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान के कारण और अधिक भड़क उठी। तेज हवाओं से आग तेजी से फैलने लगी जिससे आसपास के क्षेत्रों में धुआं छा गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग पर निष्क्रिय होने का आरोप लगाया। कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण जंगल लगातार जल रहे हैं। आग की लपटें कई स्थानों पर जंगलों से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ती दिखाई दीं जिससे लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर मानवीय लापरवाही के कारण जंगलों में आग लग रही है इसलिए ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आग के बढ़ने से तहसील और ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में धुंध जैसी स्थिति बन गई। धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। उन्होंने शीघ्र ही विभाग से आग को बुझाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई गई तो इससे जंगलों के साथ-साथ जनजीवन और वन्यजीवों को भी भारी नुकसान हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाकू की नोक पर मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल थाना पुलिस ने चाकू के बल पर मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 22 मई को अंगद प्रसाद साहू निवासी ग्राम सकरिया थाना गौपारू मध्य प्रदेश, हाल निवासी नवोदय नगर चौक सिडकुल ने तहरीर देकर बताया था कि आईएमसी चौक पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोककर मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने चेकिंग अभियान आरोपी हसन निवासी ग्राम जंगबहादुरगंज थाना पशिगामा जिला लखीमपुर खीरी यूपी, हाल निवासी बदायूं हाउस निकट फिनो बैंक रावली महदूद सिडकुल और आशु निवासी शिव मंदिर के पास रावली महदूद थाना सिडकुल, हाल निवासी आर्यन हेरिटेज स्कूल के निकट ग्राम आनेकी थाना सिडकुल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया।

### डायल 112 की सूचना पर सल्ट पुलिस ने सुलझाया घरेलू विवाद

अल्मोड़ा। थाना सल्ट क्षेत्र में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति–पत्नी की काउंसलिंग कर मामला शांतिपूर्वक सुलझाया। पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई पर महिला ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डायल 112 पर एक महिला ने सूचना दी कि उसका पति आए दिन उससे झगड़ा करता है और रविवार को भी विवाद कर रहा है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद मौके पर ही काउंसलिंग की। इस दौरान पति–पत्नी को आपसी संवाद बनाए रखने, पारिवारिक सौहार्द कायम रखने और भविष्य में विवाद से बचने की सलाह दी गई। पुलिस की समझाइश के बाद दोनों पक्ष शांत हो गए और मामला सुलझ गया। महिला ने सल्ट पुलिस और डायल 112 सेवा की सराहना करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। अल्मोड़ा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, घरेलू विवाद या महिला सुरक्षा से जुड़ी समस्या होने पर बिना संकोच डायल 112 पर सूचना दें।

### लमगड़ा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को नैनीताल से पकड़ा

अल्मोड़ा। न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में फरार चल रहे एक अभियुक्त को लमगड़ा पुलिस ने नैनीताल से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत जिलेभर में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने वाद संख्या 1087/23 में धारा 223, 504, 506 और 509 भादवि से संबंधित अभियुक्त कुंदन सिंह पुत्र गुलाम सिंह निवासी आराखेत पुभाऊलमगड़ा, हाल निवासी डंगवाल भवन जू रोड नैनीताल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। लगातार तलाश और सुरागरसी के बाद पुलिस टीम ने रविवार को टूटा पहाड़ पाइन्स रोड नैनीताल से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### शराब पीकर कार चला रहे चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत चौखुटिया पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चला रहे एक चालक को गिरफ्तार कर उसकी कार सीज कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर जिलेभर में ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक चौखुटिया अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कार संख्या यूके04–एक्यू–5220 का चालक गौरव मेहरा निवासी जमराड़ छीतार चौखुटिया शराब के नशे में बिना सीट बेल्ट लगाए लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए मिला। पुलिस ने चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया तथा वाहन को सीज कर दिया।

### लोक भाषा, लोक संस्कृति को भी नुकसान पहुचा रहा पलायन

पिथौरागढ़। नगर में आदलि कुशलि कुमाउनी मासिक पत्रिका ने मासिक विचार गोष्ठी व काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने पलायन के कारण क्षेत्र की लोकभाषाओं व लोक संस्कृति पर पड़ रहे दुष्प्रभाव पर चिंता जताई। कहा कि सरकारें यदि समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार व कृषि–पशुपालन की सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करा पातीं तो पहाड़ से इस कदर पलायन न होता। रचना शर्मा, दिनेश भट्ट, डॉ आनंदी जोशी, लक्ष्मी आर्या, मुन्नी पांडेय, अनीता जोशी, उमा पाटनी, रेनू शर्मा, रोहित टम्टा, गोविंद बिष्ट, प्रकाश चंद्र प्रतीक, भुवन सनवाल, डॉ. दीप चौधरी, तनुज भट्ट, मनोज जोशी आदि ने अपनी कविताओं के जरिए सामाजिक कुरीतियों, समस्याओं को उठाया।गोष्ठी चिन्तामणि जोशी की अध्यक्षता में हुई।

### पर्यटकों के लिए रात में भी खोले जाए पंप

पिथौरागढ़। सोशल वैलफेयर सोसायटी ने प्रशासन से आदि कैलास ओम पर्वत, मुनस्यारी आदि पर्यटक स्थलों में भीड़ को देखते हुए रात में भी पंप खुले रखने की मांग की है। सोसायटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र पुनेठा के नेतृत्व में सदस्यों ने इस संबंध में डीएम को ज्ञापन दिया।

# पेड़ गिरने से गंगोत्री हाईवे और पुरोला मोरी सड़क पर आवाजाही हुई बंद



उत्तरकाशी। सोमवार को गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी से एक किमी की दूरी पर पहाड़ी से अचानक एक पेड़ सड़क पर गिर गया जिससे आवाजाही रोकी गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद एनडीआरएफ के जवानों ने पेड़ को काटकर हटाया। उसके बाद आवाजाही सुचारू की गई। दूसरी ओर मोरी के गड़ूगाड़ क्षेत्र में आए तेज अंधड़ और तूफान के चलते सात किलोमीटर पहले भद्रासू क्षेत्र में एक पेड़ सड़क पर गुजर रही कार के ठीक सामने गिर पड़ा। चालक की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा बच गया। दूसरी घटना मोरी बैरियर से करीब दो किमी आगे जरमोला की ओर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास भी एक पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मोरीझपुरोला मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और सड़क के दोनों ओर दर्जनों छोटे–बड़े वाहन फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची व काफी मशक्कत के बाद पेड़ों को हटाकर यातायात सुचारु कराया गया।

# अब टीवी की स्क्रीन पर भी आएंगे अलर्ट

## डीटीएच के जरिये मिलेंगे आपदा संबंधी अलर्ट



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : अब डीटीएच के माध्यम से भी विभिन्न आपदाओं के एलर्ट आम जनमानस को प्राप्त होंगे। उत्तराखण्ड राज्य में अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में डीटीएच प्लेट-फॉर्म के जरिये टेस्ट अलर्ट का सफल प्रसारण किया गया है। प्रथम चरण में यह प्रसारण जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर में किया गया।

परीक्षण के दौरान टाटा प्ले, एयरटेल, डीटीएच, डी2एच एवं डिश टीवी जैसे प्रमुख डीटीएच प्लेटफॉर्म पर टीवी स्क्रीन में टेस्ट अलर्ट संदेश प्रदर्शित हुआ। यह संदेश लगभग 15 से 40 सेकंड तक स्क्रीन पर दिखाई दिया। इस प्रणाली के माध्यम से आपदा एवं मौसम संबंधी चेतावनियों का कुछ ही सेकंड में व्यापक स्तर पर प्रसारण संभव हो सकेगा। टेलीविजन स्क्रीन पर सीधे संदेश प्रदर्शित होने से लोगों का तत्काल ध्यान आकर्षित होगा तथा फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, भारी वर्षा, आकाशीय बिजली एवं लू जैसी घटनाओं से पूर्व समय रहते लोगों को सतर्क किया जा सकेगा। समय पर अलर्ट प्राप्त होने से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संभावित नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तराखण्ड भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, जहां समय पर चेतावनी का आमजन तक पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डीटीएच आधारित अलर्ट प्रणाली आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र को और अधिक व्यापक, त्वरित एवं प्रभावी बनाएगी। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अर्ली वार्निंग सिस्टम को लगातार सुदृढ़ कर रही है, ताकि किसी भी आपदा अथवा गंभीर मौसमीय परिस्थिति में समय रहते सटीक सूचना उपलब्ध कराकर जनहानि एवं नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। गौरतलब है कि विगत 02 मई को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा सी-डॉट द्वारा उत्तराखण्ड सहित पूरे देश में सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से एलर्ट भेजे जाने का सफल परीक्षण किया गया। इस तकनीक के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति में, प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय सभी मोबाइल टावरों की सीमा में आने वाले उपभोक्ताओं को सेल ब्रॉडकास्टिंग तकनीक के माध्यम से स्वतः अलर्ट प्राप्त होगा। यह प्रणाली स्थान-विशिष्ट चेतावनी प्रसारण को सक्षम बनाती है, जिससे केवल प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को ही संदेश प्राप्त होता है और अनावश्यक भ्रम की स्थिति से बचा जा सकता है।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज, डीएम ने किया निरीक्षण



अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 27 मई को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल उदय शंकर नृत्य अकादमी फलसीमा का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि उदय शंकर नृत्य अकादमी में एसडीजी अचीवर्स अवार्ड वितरण समारोह आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम को लेकर आगंतुकों के बैठने, मंच व्यवस्था और अवार्ड वितरण समेत विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### रावली महदूद में अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर प्राधिकरणकी कार्रवाई

हरिद्वार। हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण ने रावली महदूद क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई निर्माण ध्वस्त कर और स्थलों को सील कर दिया। कर सील कर दिए। प्राधिकरण के अनुसार ज्वालापुर क्षेत्र की रामधाम कॉलोनी में अर्जुन सिंह की ओर से करीब नौ से दस बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा रामधाम कॉलोनी में ही करीब चार से पांच बीघा क्षेत्र में प्लाटिंग के साथ लगभग 15 गुणा 15 फीट क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं, गुरु कृपा स्वीट्स के सामने सुखवीर सिंह की ओर से करीब दो बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग और लगभग 15 गुणा 20 फीट क्षेत्रफल में निर्माण कार्य किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि सभी मामलों में संबंधित लोगों के खिलाफ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वाद दर्ज किए गए थे। लगातार नोटिस और निर्देश देने के बावजूद निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया।

## बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट

# शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

हरिद्वार। ईद–उल–जुहा (बकरीद) पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बहादराबाद और सिडकुल थाना क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की ओर से गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा न करने की अपील की। बहादराबाद कस्बा बाजार और चौकी शांतर्शाह परिसर में आयोजित गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर संजय चौहान ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दिया जाए और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने से बचा जाए।

प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। गोष्ठी में प्रधान नीरज चौहान, प्रधान मेंहदी हसन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष मुतालिब अली, छोटा, इदरीश समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं, थाना सिडकुल में भी बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी अजय शाह लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक पोस्ट से बचने की अपील की।

# रानीखेत में जंगल की आग पर फायर टीम की त्वरित कार्रवाई

अल्मोड़ा। रानीखेत फायर स्टेशन की टीम ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर लगी जंगल की आग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया।

कई स्थानों पर समय रहते कार्रवाई कर वाहन और आबादी को सुरक्षित बचाया गया। फायर विभाग के अनुसार दोपहर 3:02 बजे सड़ना क्षेत्र में वाहन संख्या यूके04सीए9981 के सड़क पर पलटने और पास में जंगल की आग फैलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची फायर यूनिट ने हाई प्रेशर होज रील की सहायता से आग बुझाकर वाहन को सुरक्षित बचा लिया। शाम 5:57 बजे मजखाली क्षेत्र में जंगल में आग लगने की सूचना मिली। आग सड़क से दूर होने के कारण फायर वाहन मौके तक नहीं पहुंच सका, जिसके बाद वन विभाग को तत्काल सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया। रात 8:40 बजे ताड़ीखेत पन्याली क्षेत्र में जंगल की आग आबादी की ओर बढ़ने की सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया और बड़ा हादसा टाल दिया। इसके बाद रात 9:54 बजे मजखाली क्षेत्र में फिर से जंगल में आग लगने की सूचना मिली। फायर सर्विस यूनिट ने मौके पर पहुंचकर मिनी हाई प्रेशर होज रील की मदद से आग पर काबू पाया। फायर विभाग ने बताया कि लगातार सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते जन–धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

# जिला चयन समिति की बैठक में 10 आवेदन का हुआ चयन




हरिद्वार। रोशनाबाद स्थित विकास भवन सभागार में पर्यटन विभाग की ओर से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जिला चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए आवेदकों के साक्षात्कार लिए गए। योजना के तहत वाहन मद में नौ और गैर वाहन मद में दो आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला अनुश्रवण समिति के समक्ष सभी आवेदन प्रस्तुत किए गए। निरीक्षण और परीक्षण के बाद समिति ने वाहन मद में नौ और गैर वाहन मद में एक आवेदन को स्वीकृति प्रदान की, जबकि एक आवेदन पात्रता पूरी न होने पर निरस्त कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल को निर्देश दिए कि स्वीकृत आवेदन पत्रों को संबंधित बैंकों को तत्काल भेजा जाए। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को भी समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाए। साथ ही अधिकारियों को जनता के बीच स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश भी दिए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि योजना के तहत वाहन संबंधी और गैर वाहन संबंधी कई गतिविधियों को शामिल किया गया है। इनमें होटल, फास्ट फूड सेंटर, योग एवं ध्यान केंद्र, साहसिक पर्यटन, हस्तशिल्प केंद्र, तंबू आवास, बेकरी, लॉन्ड्री, कयाकिंग, कारवां पर्यटन और ट्रेकिंग उपकरण किराये पर देने जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाना और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

# पिल्ला गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार



हरिद्वार। कनखल पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कुख्यात पिल्ला गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। भूपतवाला से लेकर लक्सर तक फैले गैंग के अब तक 15 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कनखल क्षेत्र में पिछले कुछ समय से युवकों के बीच मारपीट और दबंगई की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में सादे कपड़ों में पुलिस टीमों को जगजीतपुर, पीठ पुलिया, फुटबॉल ग्राउंड और गुरुकुल कांगड़ी क्षेत्र में सक्रिय किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि 10 अप्रैल को कनखल निवासी कुलदीप कुमार ने बेटे के साथ हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि गुरुकुल कांगड़ी क्षेत्र में पिल्ला गैंग के सदस्यों ने युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सक्षम उर्फ सावन निवासी विकास कॉलोनी पुराना रानीपुर मोड़, राजकुमार उर्फ जौंग निवासी जमालपुर कनखल और नितिश कुमार उर्फ साजन उर्फ खबड़ा निवासी जगजीतपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों पर विधायक मनोज तिवारी ने सरकार को घेरा

अल्मोड़ा। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता, किसान, व्यापारी और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में कई बार वृद्धि हो चुकी है, जिससे ईंधन की कीमतें लगातार नए रिकॉर्ड बना रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद सरकार उसका लाभ जनता तक नहीं पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में पहले से ही परिवहन महंगा है

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।**

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।**

CONT. 9412081969

PRGI NO. 35469/79

